भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2536
जिसका उत्तर मंगलवार, 09 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

नई राष्ट्रीय ऑटो नीति

2536. श्री जी.एम. सिद्देश्वरा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा जल्द ही एक नई राष्ट्रीय ऑटो नीति लाई जाएगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस नीति में ऑटोमोबाइल क्षेत्र पर उत्सर्जन के अनुपात में कराधान करने और एक प्रौद्योगिकी-निरपेक्ष पर्यावरणानुकूल सहायता संबंधी रूपरेखा रखने पर विशेष बल दिया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त नीति तैयार करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क) से (ङ): भारी उद्योग विभाग द्वारा एक मसौदा राष्ट्रीय ऑटोमोटिव नीति तैयार कर ली गई है और भारी उद्योग विभाग की वेबसाइट (www.dhi.nic.in) पर रखी गई है। यह मसौदा नीति अपने आप में पूर्ण है और ऑटो मिशन योजना 2016-26 के उद्देश्यों को पूरा करने में ऑटोमोटिव उद्योग के हितों का समाधान करती है। कोई भी नीति को सामान्यतः स्टेकहोल्डरों से उपयुक्त परामर्श करने के बाद अंतिम रूप दिया जाता है।

*****